<u>कार्यालय नगरपालिका मण्डल नीमकाथाना (सीकर)</u>

<u>बैठक कार्यवाही विवरण</u>

आज दिनांक 10.11.2015 को प्रातः 11.00 बजे से नीमकाथाना नगरपालिका मण्डल की साधारण सभा की अत्यावश्यक बैठक अध्यक्ष श्री त्रिलोक दीवान की अध्यक्षता में प्रारम्भ की गयी। जिसमें निम्नानुसार सदस्यगण उपस्थित रहे :–

1	माननीय श्रीमान् त्रिलोक दीवान	अध्यक्ष
2	'' '' राजेन्द्र कुमार	उपाध्यक्ष
3	'' श्रीमति विधा	सदस्या
4	'' श्रीमान् महेन्द्र	सदस्य
5	'' श्रीमती कमला	सदस्या
6	'' '' अणची	सदस्या
7	'' श्रीमान् हीमेश कुमार	सदस्य
8	'' '' रतन	''
9	'' श्रीमती सन्तोष	सदस्या
10	'' श्रीमान् जयप्रकाश	सदस्य
11	'' '' रूड़मल	''
12	'' '' लेखराज	''
13	'' श्रीमति अंजु देवी	सदस्या
14	'' श्रीमान् रमेश	सदस्य
15	'' '' जयचन्द	''
16	'' '' छगनलाल	''
17	'' '' बाबूलाल	''
18	'' '' शम्भूदयाल	''
19	'' श्रीमती विद्या	सदस्या
20	'' श्रीमान् शशिकान्त	सदस्य
21	'' '' गिगाराम	''
22	'' श्रीमति तीजा देवी	सदस्या
23	'' श्रीमान् गिरधारी	''
24	'' श्रीमती मोनू	सदस्या

गणपूर्ति पश्चात बैठक आरम्भ की गयी। सर्वप्रथम सदन द्वारा पूर्व राज्यपाल श्री ओ. पी. मेहरा के निधन पर दौ मिनट का मौन रखा जाकर श्रृद्धांजली अर्पित की गयी। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा दीपावली के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाऐं दी गयी। तत्पश्चात् बैठक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। जो निम्नानुसार रहीः–

प्र. सं. 1ः– पार्किंग/नो पार्किंग ठेका के संबंध में पार्षदों/व्यापार मण्डलों/टैक्सी यूनियन/टैम्पू यूनियन/आदि द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों पर विचार।

अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सभी सदस्यों को बताया कि नगरपालिका द्वारा मण्डल निर्णय व उच्च स्तरीय समिति बैठक में लिये गये निर्णय की अनुपालना में पालिका क्षैत्र में पार्किंग व नो पार्किंग का ठेका छोड़ा गया था। लेकिन आम जनता, व्यापार मण्डलों, टैक्सी–टैम्पू यूनियनों, पानी टैंकर यूनियनों, इत्यादि द्वारा उक्त ठेके का काफी विरोध किया जा रहा है। अतः इस संबंध में सदन द्वारा निर्णय लिया जावे।

इस पर श्री महेन्द्र गोयल, नेता विपक्ष द्वारा पार्किंग/नो पार्किंग ठेका के संबंध में पालिका में प्राप्त ज्ञापनों के संबंध में जानकारी चाही गयी। इस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा प्राप्त ज्ञापन सदन के समक्ष रखे गये।

इसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने पूछा की इस ठेके में आगे क्या किया जाना उचित होगा। श्री शशिकान्त, सदस्य ने कहा कि ठेके का आमजन में काफी विरोध है। अतः इसको निरस्त किया जाकर पुनः रूपरेखा बनाकर ठेका छोड़ा जावे। श्री जयप्रकाश, सदस्य ने कहा कि नगरपालिका ने जो पार्किंग व नो पार्किंग का ठेका छोड़े जाने का कार्य किया गया था, वो नगर की सुन्दरता व यातायात व्यवस्था सही बनाने के लिए किया गया था। इसमें यह भी पता था, कि विरोध होगा। लेकिन वर्तमान में काफी दिक्कतें आ रही हैं। अतः इसको पालिका द्वारा प्रत्याहारित किया जाकर पुनः रूपरेखा बनायी जाकर पुनः नये सिरे से व्यवस्था बनानी होगी।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि नगरपालिका द्वारा उक्त ठेका छोड़ा गया, जो कि नया प्रयोग था। लेकिन ठेका छोड़े जाने के उपरान्त काफी कमियां सामने आयी हैं। अध्यक्ष महोदय ने श्री जयप्रकाश द्वारा कही गयी बात का समर्थन किया तथा कहा कि भविष्य में सभी के सुझाव लिये जाकर पुनः व्यवस्थित किया जाना उचित होगा।

बाद विचार विमर्श कर मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से उक्त पार्किंग/नो पार्किंग ठेका आज दिनांक 10.11.2015 को बाद दोपहर से प्रत्याहारित किये जाने का निर्णय लिया गया एवम् आज ही ठेकेदार को सूचित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह निर्णय भी लिया कि ठेकेदार द्वारा जिन वाहन मालिकों को मासिक पास जारी किये गये हैं। उनके मासिक पास में से अनुपातिक राशि कटौति कर शेष राशि 07 दिवस में वापिस लौटायी जावे। उक्त राशि लौटायी जाने के पश्चात् ठेकेदार को पालिका द्वारा धरोहर राशि व एक माह की एडवान्स राशि तथा जमाशुदा एक माह की राशि में से आनुपातिक राशि दिनांक 10.11.2015 तक की कटौती की जाकर शेष राशि वापिस लौटायी जावे।

तत्पश्चात् पालिका द्वारा सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

एसडी
अध्यक्ष
नगरपालिका नीमकाथाना

एसडी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना

क्रमांकःन0पा0नीम0/2015—16/ दिनांकः

प्रतिलिपिः—

1. श्रीमान् उपशासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
2. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय, सीकर।
3. श्रीमान् उपनिदेशक(क्षेत्रीय)महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, राज0 जयपुर।
4. श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नीमकाथाना।
5. माननीय श्री प्रेमसिंह बाजोर, विधायक महोदय, नीमकाथाना।
6. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नीमकाथाना।
7. श्रीमान् उपाध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नीमकाथाना।
8. श्रीमान् वार्ड पार्षद श्री/श्रीमती..।
9. समस्त शाखा प्रभारी को पालनार्थ।
10. गार्ड पत्रावली।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना